मेरे बच्चे को रक्त में सीसे की जांच क्यों करवानी चाहिए?

1 छोटे बच्चों के लिए सीसा बहुत खतरनाक है। इसके कारण:

- मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को क्षति पहुँच सकती है
- वृद्धि और विकास धीमी हो सकती है
- सीखने और बर्ताव में समस्याएं आ सकती हैं
- सुनने और बोलने में समस्याएं आ सकती हैं

2 वर्जीनिया में कई पुराने घर हैं। इसका मतलब है कि आपका बच्चा(बच्चे) सीसे के पेंट, मिट्टी, पानी या अन्य घरेलू स्रोतों के ज़रिए सीसे के संपर्क में आ सकते हैं।

3 ज़्यादातर समय, सीसे के संपर्क में आने वाले बच्चों में बीमार होने के कोई लक्षण दिखाई नहीं देंगे। वे संपर्क में आए हैं या नहीं यह जानने का एकमात्र तरीका उनके रक्त में सीसे की जांच करवाना हैं।

4 छोटे बच्चे अक्सर अपने मुंह में गैर खाने की चीज़ें जैसे कि खिलौने डाल लेते हैं। इससे उनके शरीर में सीसा पाए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

सीसे के संपर्क में आने के जोखिम वाले बच्चों को 12 और 24 महीनों में रक्त में सीसे की जांच करवानी चाहिए। अपने बच्चों के रक्त में सीसे की जांच के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें।

सीसा विषाक्तता की रोकथाम के बारे में अधिक जानने के लिए,
www.vdh.virginia.gov/leadsafe/

VDH VIRGINIA DEPARTMENT OF HEALTH